>

Title: Need to set up an AIIMS like medical institute in Sambhal Parliamentary Constituency in Moradabad district of Uttar Pradesh.

श्री शफीकुर्रहमान बर्क (सम्भल) ः

मैं सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र सम्भल जिला मुरादाबाद में कोई बड़ा अस्पताल न होने की ओर दिलाना चाहता हूं। सम्भल (मुरादाबाद) से दिल्ली लगभग 160 कि.मी. व लखनऊ 340 कि.मी. दूर है जहां बड़े अस्पताल है। सम्भल (मुरादाबाद) में एम्स की तर्ज पर केन्द्रीय अस्पताल खोलने की मांग कई सालों से होती आ रही है पर अभी तक कार्यवाही नहीं हुई है। इतनी दूर से आते-जाते बहुत से मरीज रास्ते में मर जाते हैं। मुरादाबाद एशिया का सबसे बड़ा ब्रॅास एक्सपोर्ट सेन्टर है और बहुत बड़ा शहर है।

मेरी केन्द्र सरकार से गुजारिश है कि मुरादाबाद व सम्भल शहर के बीच एम्स की तर्ज पर एक बड़ा केन्द्रीय अस्पताल जल्द से जल्द खोलने की मेहरबानी करे।